नगर की समस्यायों से बिफरे व्यापारिक संगठन ने ननि को घेरा

6 घंटे तक चला जबरदस्त विरोध प्रदर्शन, वाटर कैनन भी रहा बेअसर, एडीएम-महापौर को ज्ञापन के साथ चेतावनी

नवभारत न्यूज

सतना,14 जुलाई. पिछले काफी समय से जर्जर सड़क, जलभराव, दूषित पेयजल यहित कई अन्य समस्यायों से जूझते आ रहे नगरवासियों के सब्र का बांध मंगलवार को उस वक्त टूटता नजर आया जब विंध्य चेंबर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के नेतृत्व में व्यापारियों ने नगर निगम का घेराव कर दिया.

लगभग 6 घंटे तक चले जबरदस्त विरोध प्रदर्शन के दौरान कई बार तो पुलिस-प्रशासन और व्यापारियों के बीच सीधा टकराव होता नजर आया. वहीं शाम ढलने पर महापौर और अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए यह चेतावनी भी दी गई कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधरी तो नगर वासियों के आक्रोश को संभालना मुश्किल हो जाएगा. विंध्य चेंबर ऑफ कामर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष सतीश सुखेजा के नेतृत्व में सैकड़ा भर से अधिक व्यापारियों ने मंगलवार को नगर निगम की ओर मार्च किया. यह देखते हुए शहर की आधारभूत समस्यायों से जूझ रहे नगरवासी भी काफी संख्या में साथ आ गए. देखते ही देखते नगर निगम कार्यालय के सामने जल सैलाब उमड़ता नजर आने लगा. हलांकि मामले की गंभीरता को देखते हुए पहले से ही बैरीकेटिंग लगाकर ननि की ओर जाने का रास्ता रोक लिया गया था. इसके साथ ही खासी संख्या में पुलिस बल भी तैनात था. लेकिन इसके बावजूद भी आक्रोशितों पर इसका कोई असर होता नजर नहीं आया. कुछ देर तक बैरीकेटिंग के सामने नारेबाजी करने के बाद व्यापारी आगे बढ़ने लगे और धक्का देते हुए एक हिस्से को हटा दिया गया. जिसे देखते हुए वहां पर मौजूद दमकल वाहन के जरिए पानी की बौछार शुरु कर दी गई. हलांकि वाटर कैनन के चलने से कुछ समय के लिए भीड़ तितर बितर हो गई. लेकिन इस घटना ने लोगों को कहीं अधिक आक्रोशित कर दिया. मौके की नजाकत को समझते हुए पुलिस-प्रशासन ने बैरीकेटिंग हटा दी. जिसके बाद व्यापारिक संगठन सहित कई अन्य लोग ननि कार्यालय की सीढ़ियों पर धरना देते हुए बैठ गए. इसी दौरान काफी संख्या में नगरवासी भी वहां पहुंच गए. निगम प्रशासन की कार्यशैली को लेकर जमकर नारेबाजी होने लगी. कुछ देर तक प्रदर्शन जारी रहने के बाद मामला तब बिगड़ता नजर आने लगा जब ज्ञापन लेने के लिए निगमायुक्त सामने नहीं आए. यह बताते हुए कि आवश्यक कार्य की वजह से निगमायुक्त डॉ. शेर सिंह मीणा कार्यालय से चले गए हैं, उपायुक्त वित्त सत्यम मिश्रा ज्ञापन लेने के लिए पहुंच गए. यह देख व्यापारियों ने ज्ञापन सौंपने से साफ इंकार कर दिया और निगम प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी शुरु कर दी.

व्यापारियों के साथ बैठे महापौर

मामले में गतिरोध को लंबा खिंचता और स्थिति तनावपूर्ण बनी देख अपर कलेक्टर औा एएसपी भी मौके पर पहुंच गए. इसी कड़ी ममें महापौर योगेश ताम्रकार भी व्यापारियों के बीच पहुंच गए. व्यापारियों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि वे उनके साथ खड़े हैं. यदि किसी वपारी की गिरफ्तारी होती है तो वे स्वयं भी अपनी गिरफ्तारी देंगे. जिसे देखते हुए व्यापारियों के तेवर भी कुछ नरम पड़े. लिहाजा व्यापारियों ने महापौर और अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए यह चेतावनी भी दे डाली कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो नगरवासियों के आक्रोश को संभालना मुश्किल हो जाएगा.

एसडीएम से नहीं बनी बात

मामले की जानकारी मिलने पर एसडीएम सिटी राहुल सिलाड़िया मौके पर पहुंचे और चर्चा शुरु की. लेकिन वहां पर एक ओर जहां व्यापारी काफी गुस्से में थे वहीं एसडीएम भी पीछे हटने को तैयार नहीं दिखे. लिहाजा लंबे विरोध प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों द्वारा टेंट हाउस से गद्दे मंगा लिए गए. लेकिन जैसे ही गद्दे अंदर पंहुचने को हुए एसडीएम ने रोक दिया. यह देख व्यापारी भी बिफर पड़े और जमकर प्रदर्शन करने लगे. इसी दौरान व्यापारियों ने चुनौती भी दे डाली कि वे सभी अपनी गिरफ्तारी देने का तैयार हैं. लेकिन सक्षम अधिकारी को ज्ञापन दिए बिना नहीं लौटेंगे. जिसे देखते हुए एसडीएम को पीछे हटना पड़ गया.

अमावस्या मेले में मंदाकिनी नदी में डूबने से श्रद्धालु की मौत

स्नान के दौरान पैर फिसलने से हुआ हादसा

नवभारत न्यूज

सतना, 14 जुलाई. आषाढ़ माह की अमावस्या पर धर्मनगरी चित्रकूट दर्शन-पूजन के लिए आए एक श्रद्धालु की मंदाकिनी नदी में डूबने से मौत हो गई। हादसा पुराने नगर पंचायत कार्यालय घाट के सामने हुआ। घटना की सूचना मिलते ही चित्रकूट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बांदा जिले के पैलानी थाना क्षेत्र के नेवाईच गांव निवासी छोटेलाल वर्मा (46) पुत्र मन्नू वर्मा के रूप में हुई है। वे आषाढ़ अमावस्या पर चित्रकूट में दर्शन-पूजन के लिए आए थे। बताया जा रहा है कि घाट पर स्नान करते समय उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए।

घटना के बाद घाट पर मौजूद लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से श्रद्धालु को नदी से बाहर निकाला। हालांकि तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई। प्रारंभिक जांच में डूबने से मौत होना सामने आ रहा है।

तालाब में नहाने गया बालक डूबा, मौत

उचेहरा के धनेह रामकुण्डली गांव की घटना

नवभारत न्यूज

सतना 14 जुलाई. जिले के उचेहरा क्षेत्र में तालाब में डूबने से मासूम भाई-बहन की मौत हो जाने की घटना को अभी 3 दिन भी नहीं बीता था कि मंगलवार को ऐसी ही एक अन्य घटना सामने आई. स्कूल की छुट्टी होने के बाद अपने मित्रों के साथ तालाब में नहाने गए 9 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई. यह घटना सामने आते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई.

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के उचेहरा थाना क्षेत्रच अंतर्गत धनेह रामकुण्डली गांव में मंगलवार की दोपहर तालाब में डूबने से एक बालक की मौत हो गई. बताया गया कि 9 वर्षीय बालक और कक्षा 4 का छात्र विनय कुशवाहा मंगलवार की दोपहर स्कूल की छुट्टी होने के बाद अपने मित्रों के साथ निकट स्थित एक तालाब की ओर चला गया. जहां पर वह नहाने के लिए पानी में उतर गया. इसी दौरान गहरे पानी में चले जाने के कारण वह डूबने लगा. जिसे देखते हुए साथ में मौजूद बच्चों ने घबराकर शोर मचाना शुरु कर दिया. लेकिन जब तक कोई ग्रामीण सहायता के लिए मौके पर पहुंच पाता तब तक बालक पानी में समा चुका था. गौरतलब है कि महज 3 दिन पहले ही उचेहरा के पिपरा गांव में भी तालाब में नहाने के दौरान मासूम भाई-बहन की डूबने से मौत हो गई थी.

परिजन स्तब्ध

घटना की सूचना मिलने पर सरपंच श्रीमती इंद्रकली कुशवाहा और रोजगार सहायक मंजू मिश्रा सहित ग्रामीण फौरन मौके पर पहुंच गए. आनन-फानन में ग्रामीणों ने तालाब में उतरकर पानी में डूबे बालक को खोज निकाला. हलांकि डायल 112 वाहन की मदद से बालक को अस्पताल ले जाया गया. लेकिन वहां पर उसे ब्रॉट डेड घोषित कर दिया गया. इस घटना की जानकारी मिलते ही परिजन स्तब्ध रह गए. बिलखते हुए कहा कि वे तो स्कूल की छुट्टी होने के बाद विनय के घर पहुंचने का इंतजार कर रहे थे. लेकिन उन्हें क्या मालुम था कि उनका विनय इस हाल में वापस लौटेगा.

लाखों की साइबर ठगी मामले में राजस्थान पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया

नवभारत न्यूज

मैहर, 14 जुलाई. लाखों रुपये की साइबर ठगी के मामले की जांच के सिलसिले में राजस्थान पुलिस मैहर जिले के ग्राम डेल्हा पहुंची। पुलिस ने डेल्हा निवासी दो युवकों से पूछताछ करने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर मैहर थाने लाई, जहां आगे की कार्रवाई की गई।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान श्रीकांत लखेर, जो डेल्हा में ऑनलाइन सेवा केंद्र संचालित करता है, तथा राजन साकेत, जो पेशे से ड्राइवर है, के रूप में हुई है।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मामला जून 2025 का बताया जा रहा है। आरोप है कि दोनों युवक एक साइबर ठग महिला के जाल में फंस गए। महिला ने वीडियो कॉल के दौरान दोनों का आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड कर लिया और उसके आधार पर उन्हें ब्लैकमेल करने लगी। जब दोनों आरोपी महिला की पैसों की मांग पूरी नहीं कर सके, तब महिला ने उनसे एक बैंक खाते की व्यवस्था करने को कहा।बताया जा रहा है कि दोनों युवकों ने अपने नाम से बैंक खाता खुलवाकर उसकी यूजर आईडी और पासवर्ड महिला को उपलब्ध करा दिए। आरोप है कि इसके बाद महिला ने उसी बैंक खाते का इस्तेमाल कर साइबर ठगी से प्राप्त लाखों रुपये का लेन-देन किया।

अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच

फिलहाल राजस्थान पुलिस दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। मामले की जांच जारी है और पुलिस पूरे साइबर ठगी नेटवर्क तथा इसमें शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

11वीं स्मृति व्याख्यानमाला आज

सतना, 14 जुलाई. विद्याभारती महाकौशल प्रांत द्वारा परम श्रद्धेय *बाबू शंकर प्रसाद ताम्रकार की पुण्यतिथि पर आयोजित 11वीं स्मृति व्याख्यानमाला एवं श्रद्धांजलि समारोह* का आयोजन 15 जुलाई 2026 (बुधवार) सायं 4:30 बजे सरस्वती आवासीय विद्यापीठ, शंकर सभागार, सतना में होगा। कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों एवं आयोजन समिति के सदस्यों के साथ विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए,

फिर परसमनिया के सत्य माता मंदिर में चोरों का धावा

नवभारत न्यूज

सतना 14 जुलाई. पिछले कुछ समय से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित प्राचीन मंदिर लगातार चोरों के निशाने पर बने हुए हैं.

हलांकि उनमें से इक्का-दुक्का छुटपुट घटनाओं का खुलासा भी हुआ है. लेकिन इसके बावजूद भी लचर महसूस होती जिले की कानून-व्यवस्था का फायदा उठाते हुए चोरों द्वारा लगातार इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है. प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के उचेहरा थाने की परसमनियां चौकी क्षेत्र अंतर्गत पटिहट गांव में स्थित प्राचीन सत्य माता मंदिर में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात अज्ञात चोरों ने धावा बोल दिया. मंदिर का ताला तोड़कर घुसे चोरों ने माता का चांदी का छत्र, मुकुट और दान पेटी में रखी राशि पार कर दी. मंगलवार की सुबह जब पुजारी वहां पहुंचे तो घटना की जानकारी मिली. पुलिस बल के साथ पहुंचे परसमनियां चौकी प्रभारी संतोष धुर्वे ने जब जांच शुरु की तो मालुम हुआ कि मंदिर के निकट स्थित एक किराना दुकान में भी नकदी और सामान की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है. जिसे देखते हुए मौके पर डाग स्कवाड बुलाकर पड़ताल कराई गई. इसी कड़ी में चोरों की तलाश को लेकर साइबर सेल की मदद भी ली जा रही है. गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ही निकट स्थित रामपुर पाठा के मंदिर में भी चांदी का मुकुट और सिक्के सहित अन्य कीमती सामान चुरा लिया गया था. वहीं कुछ दिन पहले ही उचेहरा कस्बे में शिव-पार्वती मंदिर में पीतल के घंटे सहित अन्य सामान की चोरी की घटना सामने आ चुकी है.

1 लाख के इनाम की घोषणा

जिले के सिंहपुर क्षेत्र के शिवराजपुर के प्रसिद्ध गाजीपुर देवी मंदिर में महीने भर के अंतराल में दो बार चोरी की घटना सामने आ चुकी है. पहले 2 जून की रात चोरों ने धावा बालते हुए सिंहासन की सीढ़ियों पर लगी लगभग 3 किलो चांदी पार कर दी थी. वहीं महीने भर बाद 2 जुलाई की रात एक बार फिर से मंदिर के गर्भगृह में घुसे चोरों ने सिंहासन को तोड़कर उसमें जड़ित लगभग 22 किलो चांदी उखाड़ ली,

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया केंद्रीय जेल का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सतना, 14 जुलाई. मंगलवार को केन्द्रीय जेल सतना में श्रीमती रूपाली सिंह उइके न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना द्वारा केन्द्रीय जेल सतना का निरीक्षण किया गया।

सचिव डालसा द्वारा जेल अस्पताल का निरीक्षण किया गया। जेल अस्पताल में भर्ती बीमार बंदियों के स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं समुचित इलाज उपलब्ध कराये जाने निर्देशित किया। सचिव डालसा द्वारा जेल में मौजूद जेल लीगल एड क्लीनिक में संधारित किये जा रहे अभिलेखों का अवलोकन किया गया एवं जेल की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

इस अवसर पर जेल अधीक्षक श्रीमती लीना कोस्टा, जेल उप अधीक्षक श्रीकांत त्रिपाठी, कल्याण अधिकारी अनिरूद्ध कुमार तिवारी, सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती फिरोजा सिंह एवं जेल स्टॉफ उपस्थित रहा।

खेरमाई रोड स्थित अमृता हॉस्पिटल में बिजली चोरी का भंडाफोड़

नवभारत न्यूज

सतना, 14 जुलाई. शहर के खेरमाई रोड स्थित अमृता हॉस्पिटल में बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी कर बड़े पैमाने पर की जा रही बिजली चोरी का खुलासा किया है.

अस्पताल प्रबंधन द्वारा मुख्य मीटर को बाईपास कर सीधे बिजली का उपयोग किया जा रहा था. मामले की भनक लगते ही विद्युत मंडल की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की

मिली जानकारी के अनुसार, बिजली कंपनी को पिछले कुछ समय से खेरमाई रोड क्षेत्र में भारी मात्रा में लाइन लॉस और अमृता हॉस्पिटल के बिजली बिल में विसंगति की शिकायतें मिल रही थीं . जेई राहुल मिश्रा की टीम ने जब अस्पताल परिसर का औचक निरीक्षण किया, तो वे भी दंग रह गए. अस्पताल के भीतर लगे मुख्य बिजली मीटर के साथ छेड़छाड़ की गई थी और उसे बाईपास कर सीधे केबल के जरिए भारी भरकम लोड चलाया जा रहा था. इस तरकीब से अस्पताल में एसी, वेंटिलेटर, लाइट और अन्य मेडिकल उपकरण तो धड़ल्ले से चल रहे थे, लेकिन मीटर में उसकी रीडिंग दर्ज नहीं हो रही थी.

इनका कहना है

अमृता हॉस्पिटल में मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था .टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया है .अस्पताल प्रबंधन पर बिजली चोरी का प्रकरण दर्ज कर भारी जुर्माना वसूलने की रूपरेखा तैयार की जा रही है

राहुल मिश्रा,
कनिष्ठ अभियंता

सतना एवं मैहर जिले की दिशा की बैठक 17 को

सतना 14 जुलाई. सतना एवं मैहर जिले की जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद गणेश सिंह की अध्यक्षता में 17 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में आयोजित की गई है। सीईओ जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह ने संबंधित विभाग प्रमुख अधिकारियो को बैठक मे उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।

पार्टी के विचारों को धरातल पर उतारें : विजय

नवभारत न्यूज

सतना, 14 जुलाई. भाजपा जिला कार्यालय मे पार्टी जिला संगठन की मासिक बैठक आयोजित की गई जिसमे संगठनात्मक मुद्दो पर गंभीर चर्चा की गई।

भाजपा के संभागीय संगठन मंत्री विजय दुबे मुख्यआतिथ्य, जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय की अध्यक्षता, जिला प्रभारी जी.एस. ठाकुर, सांसद गणेश सिंह, विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, महापौर योगेश ताम्रकार, चित्रकूट विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष विजय यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र त्रिपाठी, विनोद यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह परिहार की विशेष मौजूदगी मे आयोजित बैठक मे मण्डल, शक्ति केन्द्र एवं बूथ स्तर पर आयोजित हुई बैठको की समीक्षा की गई।

एक नजर में

जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी समस्याएं

सतना. मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने सतना जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 201 आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते, एसडीएम एलआर जांगडे द्वारा भी आवेदकों की समस्याएं सुनी गई।

लायंस लंगर सेवा में खिचड़ी प्रसाद वितरित

सतना। लायंस क्लब सतना हेल्पिंग हैंडस सतना द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शनिवार को अनवरत जारी लायंस लंगर सेवा में मंगलवार को महेन्द्र कुमार जैन परिवार की ओर से श्री हनुमान जी मंदिर सी एम एच ओ आफिस के सामने धवारी सतना में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया लगभग 600 भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया । कार्यक्रम में पूर्व रीजन चेयरपर्सन लायन आलोक त्रिपाठी ,ज़ोन चेयरपर्सन लायन धर्मेंद्र सेन, अशोक त्रिपाठी, कमल कांत पाण्डेय, उमेश शर्मा, सुकीर्त त्रिपाठी, सूर्य कमल त्रिपाठी, विनय कमल त्रिपाठी , मंदिर के पुजारी पं0जगन्नाथ महराज जी एवं साथी उपस्थित रहे ।

मैहर में नाकोर्ड समिति की बैठक आज

मैहर. जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन समिति की बैठक 15 जुलाई 2026 को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मैहर श्रीमती बिदिशा मुखर्जी की अध्यक्षता में दोपहर 12 .30 बजे कलेक्टर कार्यालय मैहर में आयोजित होगी। बैठक में जिले में नशीले पदार्थों के विरुद्ध चल रहे अभियानों की समीक्षा, आगामी रणनीति एवं समन्वित कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। पुलिस अधीक्षक मैहर अवधेश प्रताप सिंह ने संबंधित सभी विभागों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

तिघरा मोड़ पर सड़क के गड्ढे देख भड़के सांसद

नवभारत न्यूज

सतना, 14 जुलाई. सांसद गणेश सिंह ने मंगलवार को क्षेत्र की सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान तिघरा मोड़ के पास नेशनल हाईवे को जोडने़ वाली सड़क की बदहाल स्थिति देखकर उन्होंने नाराजगी जताई।

सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों को देखकर सांसद ने मौके पर ही लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री को तलब कर तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सांसद ने अधिकारियों से कहा कि बरसात के मौसम में गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई दिखाई नहीं देती। ऐसे में दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के लिए यह सड़क बेहद खतरनाक हो जाती है और कभी भी बड़ा सड़क हादसा हो सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की जनहानि होने से पहले विभाग को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। सांसद ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क पर बने सभी गड्ढों को प्राथमिकता के आधार पर जल्द से जल्द भरवाया जाए, ताकि लोगों को सुरक्षित आवागमन मिल सके।

सार्थक ने रखा अपना पक्ष

नवभारत न्यूज

सतना, 14 जुलाई. निजी अस्पताल सार्थक के प्रबंधन ने सोमवार को हुई घटना पर पक्ष रखते हुए स्पष्ट किया है कि नवजात के इलाज में उनकी ओर से कोई कमी नहीं रखी गयी.

लिखित तौर पर दी जानकारी में अस्पताल ने बताया है कि नवजात का जन्म शहर के किसी अन्य अस्पताल में हुआ था जन्म से ही बच्चा अवधि पूर्व का था. जिसकी वजह से उसे एनआईसीयू में भर्ती कराने के लिए रेफर किया गया अस्पताल के संचालक डा. सुनील अग्रवाल ने एक्सपारी दवाईयों से इलाज को सरे से इनकार करते हुए बताया है कि नवजात बच्चों के इलाज में अतिरिक्त केयर किया जाता है. इस तरह का कोई भी आरोप अनुचित है.